# लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

(स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना)

बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, ग्रामीण विकास विभाग

बिहार सरकार

विद्युत भवन-2, प्रथम तल, बेली रोड, पटना-800 021, दूरभाष : +91-612-250 4980, फैक्स : +91-612-250 4960 वेबसाइट : www.lsba.bih.nic.in


**पत्रांक** : BRLPS/LSBA/Proj/125/19/69 **दिनांक** : 08.06.2020

प्रेषक,

**बालामुरुगन डी०, भा०प्र०से०,**
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी-सह-मिशन निदेशक।

सेवा में,

**सभी जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष,**
जिला जल एवं स्वच्छता समिति, बिहार।

**विषय : 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' योजना अंतर्गत जिलों में आवश्यकतानुसार पर्याप्त संख्या में या न्यूनतम 500 सामुदायिक स्वच्छता परिसरों (CSC) का निर्माण कर अप्रवासी कुशल श्रमिकों एवं कुशल मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराए जाने के संबंध में।**

महाशय/महाशया,

उपर्युक्त विषय केसंदर्भ में कहना है कि कोरोना वायरस (Covid-19) संक्रमण काल में दूसरे राज्यों से बड़ी संख्या में अप्रवासी मजदूर अपने घर आए हैं। इन अप्रवासी मजदूरों में काफी संख्या में सन्निर्माण कुशल कारीगर (यथा- राजमिस्त्री, प्लंबर, पेंटर, अन्य करीगर आदि) एवं कुशल मजदूर हैं। 'आत्मनिर्भर भारत अभियान योजना' अंतर्गत ऐसे अप्रवासी मजदूरों को सामुदायिक स्वच्छता परिसर (CSC) निर्माण में रोजगार उपलब्ध कराकर इस कोरोना संकटकाल में स्वाबलंबी बनाया जाना है।

उपरोक्त आलोक में सामुदायिक स्वच्छता परिसर निर्माण के लिए पूर्व में चिन्हित स्थलों में से 500 या इससे अधिक स्थलों पर CSC का निर्माण तत्काल शुरू किया जाय ताकि प्रवासी सन्निर्माण कुशल कारीगरों (राजमिस्त्री, प्लंबर एवं अन्य कारीगर) एवं कुशल मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराया जा सके।

उपरोक्त निदेशों के क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने हेतु सभी संबंधित अधीनस्थों को निर्देशित करने का कष्ट करेंगे एवं प्रति जिला में आवश्यकतानुसार पर्याप्त संख्या में या न्यूनतम 500 सामुदायिक स्वच्छता परिसर का निर्माण कार्य प्रारंभ कराते हुए दिनांक 08 जून 2020 तक पात्र प्रवासी कुशल कारीगर एवं कुशल मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराए जाने संबंधी यथाप्रारूप प्रतिवेदन राज्य कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करेंगे। इसके उपरांत हर शुक्रवार को अद्यतन प्रतिवेदन (यथा प्रारूप) भेजने का कष्ट करेंगे।

विश्वासभाजन

अनुलग्नक: यथोक्त।

8/06/2020

(बालामुरुगन डी०)

**ज्ञापांक:** BRLPS/LSBA/Proj/125/19/69 **दिनांक:** 03.06.2020

प्रतिलिपि: सभी जिला समन्वयक/जिला सलाहकार, जिला जल एवं स्वच्छता समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

प्रतिलिपि: सभी निदेशक-सह-सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

प्रतिलिपि: सभी उप विकास आयुक्त- सह-उपाध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

03/06/2020

**(बालामुरुगन डी०)**

**ज्ञापांक:** BRLPS/LSBA/Proj/125/19/69 **दिनांक:** 03.06.2020

प्रतिलिपि: प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

03/06/2020

**(बालामुरुगन डी०)**

**आत्मनिर्भर भारत अभियान योजना अंतर्गत चिन्हित जिलों में सामुदायिक स्वच्छता परिसर (CSC) निर्माण के माध्यम से प्रवासी कुशल कारीगर एवं श्रमिकों को उपलब्ध कराए गए रोजगार के संबंध में प्रतिवेदन प्रारूप**

**जिला का नाम-** **प्रतिवेदन का दिनांक**

| क्रम संख्या | जिला का नाम | निर्माणाधीन CSC की संख्या | जिला में आए प्रवासी कुशल कारीगर-मजदूरों की संख्या | | CSC निर्माण के माध्यम से सृजित रोजगार मानव दिवसों की संख्या | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | आए प्रवासी कुशल शौचालय/भवन सन्निर्माण कारीगर ( यथा राजमिस्त्री, प्लंबर, पेंटर आदि) की संख्या) | आए प्रवासी कुशल मजदूरों की संख्या | कुशल शौचालय/भवन सन्निर्माण कारीगर (यथा- राजमिस्त्री, प्लंबर, पेंटर आदि) हेतु सृजित रोजगार मानव दिवसों की संख्या | प्रवासी कुशल मजदूरों हेतु सृजित रोजगार मानव दिवसों की संख्या |
| 1 | | | | | | |

(नोट- सभी जिला द्वारा दिनांक 08 जून 2020 तक एवं इस तिथि के उपरांत उपरोक्त प्रारूप के अनुसार प्रत्येक शुक्रवार को प्रतिवेदन राज्य कार्यालय को प्रोषित किया जाना है।)